भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1186
उत्तर देने की तारीख : 23 मार्च, 2012

महाराष्ट्र में अति भार वाले विश्वविद्यालयों को दो हिस्सों में बांटना

1186. श्री तारिक अनवरः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र में विश्वविद्यालयों पर महाविद्यालयों का अतिभार है;

(ख) यदि हां, तो राज्य में प्रत्येक विश्वविद्यालय के अंतर्गत कितने महाविद्यालय आते हैं;

(ग) क्या सरकार अतिभार वाले विश्वविद्यालयों को दो हिस्सों में बांटेगी; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डा. डी. पुरंदेश्वरी)

(क): विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सूचित किया है कि इसके द्वारा विश्वविद्यालयों पर संबद्धता 'अधिकार' के बारे में कोई मानदण्ड निर्धारित नहीं किए गए हैं। जबकि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संबद्धता प्रदान करते समय अनुपालना किए जाने वाले विनियमों का निर्धारण किया गया है, परंतु इसके द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता प्रदान किए जाने वाले कॉलेजों की अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं की गई है। विश्वविद्यालय स्वायत्त संस्थाएं हैं जिनके द्वारा अपने संबंधित अधिनियमों के तहत बनाई गई संविधियों के माध्यम से कॉलेजों को संबद्धता प्रदान करने हेतु अपने स्वयं के मानदण्ड निर्धारित किए जा सकते हैं।

(ख): महाराष्ट्र राज्य में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय, 19 राज्य विश्वविद्यालय तथा 21 सम-विश्वविद्यालय हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदान की गई संबद्धता प्रदान करने वाले विश्वविद्यालयों की सूची के साथ संबद्ध संस्थाओं की संख्या को संलग्न किया गया है।

(ग) और (घ): जबकि मौजूदा विश्वविद्यालयों पर संबद्धता भार कम करने के लिए और अधिक विश्वविद्यालय स्थापित किया जाना वांछनीय है, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय (एमजीएएचवी) के अतिरिक्त सभी विश्वविद्यालय राज्य विश्वविद्यालय है और इसलिए विश्वविद्यालयों के द्विभाजन पर केवल राज्य सरकार द्वारा ही निर्णय लिया जा सकता है। महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय एक गैर-संबद्ध विश्वविद्यालय है।

*****

संलग्नक

महाराष्ट्र में अति भार वाले विश्वविद्यालयों को दो हिस्सों में बांटने के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री तारिक अनवर द्वारा दिनांक 23.03.2012 को पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1186 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक।

संबद्धता प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय का नाम	कॉलेजों की संख्या
संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय	411
मुम्बई विश्वविद्यालय	711
डा. बाबासाहेब अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय	351
डा. बाबासाहेब अम्बेडकर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय	1
डा. पंजाबराव देशमुख कृषि विद्यापीठ	32
डा. बालासाहेब सावंत कोंकण कृषि विद्यापीठ	17
महात्मा फूली कृषि विद्यापीठ	40
मराठवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय	40
राष्ट्रसंत तुकादोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय	800
उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय	217
पूणे विश्वविद्यालय	811
श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरसे महिला विश्वविद्यालय	217
शिवाजी विश्वविद्यालय	219
स्वामी रामानन्द तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय	370
महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय	302
महाराष्ट्र पशु एवं मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय	10
शोलापुर विश्वविद्यालय	123

*****